# गेहूं की फसल के लिए किसानों को नहीं मिल रही यूरिया खाद

## वितरण केन्द्रों के बाहर लगी किसानों की कतार, खाद को लेकर चल रही मारामारी



नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 फरवरी, खरीफ की फसल के लिये जिस तरह से यूरिया खाद नही मिल रही थी उसी तरह गेंहू की फसल में छिड़काव के लिये यूरिया खाद किसानो को नही मिल रही है. वितरण केन्द्रो के बाहर किसानो की लम्बी कतार है. मांग के अनुरूप आपूर्ति न होने के कारण यूरिया खाद का संकट गहराया है.**

भले ही प्रशासन पर्याप्त खाद का दावा कर रहा है पर जमीनी हकीकत कुछ और है. खाद की रैक आने के बाद ही राहत की उम्मीद है. फिलहाल किसान खाद के लिये परेशान है और निजी विक्रेता मनमानी मंहगे दाम पर खाद दे रहे है. प्रशासन का दावा है कि जिले में 1819 टन यूरिया खाद उपलब्ध है. अब सवाल यह है कि जब इतनी खाद उपलब्ध है तो खाद के लिये मारामारी क्यो है. जिले में 7 डबल लाक केन्द्र बनाये गये है जहा से खाद का वितरण हो रहा है. इसके अलावा निजी विक्रेता और सिंगल एवं डबल लाक से खाद दी जा रही है जहा किसानो की भीड़ रहती है. यूरिया खाद पर्याप्त न होने के कारण किसानो को परेशानी उठानी पड़ रही है. अगर अभी जिले में झमाझम बारिश हो जाएगी तो खाद की मारामारी और बढ़ जाएगी. पहले से प्रशासन ने यूरिया खाद को लेकर तैयारी नही की जिसके कारण मांग बढ़ने पर आपूर्ति व्यवस्था नही हो पा रही है.

खाद की रैक आने के बाद ही राहत मिल पाएगी. सहकारी समितियों में खाद होने की बात कही जा रही है लेकिन सहकारी समितियों में भी खाद कम मात्रा में है. कई समितियां ऐसी है जहा खाद नही है. सबसे बड़ी समस्या यह है कि जिस किसान को 10 बोरी खाद की आवश्यकता है दिन भर कतार में लगे रहने के बाद तीन बोरी खाद मिलती है. ई-टोकन की व्यवस्था शुरू किये जाने से किसानो की समस्या और बढ़ेगी.

### जिले में 1819 टन यूरिया तथा 4174 टन डीएपी है उपलब्ध

रीवा जिले में सहकारी समिति विपणन संघ तथा निजी विक्रेताओं के पास 2 फरवरी की स्थिति में 1819.57 टन यूरिया तथा 4174.20 टन डीएपी खाद उपलब्ध है. इसके साथ-साथ जिले में 3947.93 टन एनपीके, 31.95 टन एमओपी तथा 3804.90 टन सिंगल सुपर फास्फेट भी उपलब्ध है. इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि खाद की रैक नियमित अंतराल से प्राप्त हो रही हैं. उप संचालक ने बताया कि अब तक किसानों को 24887.58 टन यूरिया तथा 7830.27 टन डीएपी का वितरण किया जा चुका है. जिले में 7 डबल लाक केन्द्रों में 15 पीओएस मशीन से खाद का वितरण किया जा रहा है. इसी तरह 148 सहकारी समितियों तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से भी खाद वितरित की जा रही है.

### मऊगंज में 677 टन यूरिया तथा 1366 टन डीएपी उपलब्ध

किसानों के लिए खाद की समुचित व्यवस्था की गयी है. मऊगंज जिले में सहकारी समिति विपणन संघ तथा निजी विक्रेताओं के पास 2 फरवरी की स्थिति में 677.71 टन यूरिया तथा 1366.45 टन डीएपी खाद उपलब्ध है. अब तक किसानों को 12443.79 टन यूरिया तथा 3915.13 टन डीएपी का वितरण किया जा चुका है. इसी तरह किसानों को 3490.12 टन एनपीके, 14.77 टन पोटाश खाद तथा 1699.93 टन सिंगल सुपर फास्फेट खाद का वितरण किया जा चुका है. सिंगल तथा डबल लाक से प्रतिदिन खाद वितरित की जा रही है.



## पोस्टर-बैनर हटाए जाने को लेकर शिव बारात आयोजक बैठे धरने पर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 फरवरी, महाशिवरात्रि को लेकर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिव बारात निकाले जाने को लेकर पूरे शहर में तैयारी के साथ पोस्टर-बैनर लगाए गये है. नियम विरूद्ध तरीके से लगाए गये पोस्टर बैनर को नगर निगम द्वारा निकाल दिया गया.**

जिसके विरोध में शाम को शिव बारात आयोजन समिति के लोग शिल्पी प्लाजा चौराहे पर धरने में बैठ गये, रात 8 बजे तक धरना चला. बाद में नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ. दरअसल शिव बारात की तैयारी को लेकर शहर के स्ट्रीट लाइट के पोल एवं अन्य जगहो पर पोस्टर-बैनर, होर्डिंग लगा दी गई, जिसकी अनुमति नही ली गई और सम्पत्ति विरूपण अधिनियम का खुला उल्लंघन है. शाम को नगर निगम के कर्मचारियों ने अवैध रूप से लगे पोस्टर-बैनर निकाल दिये. व्यापारियों द्वारा अपनी फोटो लगाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा था. प्रकाश चौराहा के पास बैनर निकालने के दौरान आयोजन समिति के मनीष गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी पहुंच गये और विरोध किया. इसके बाद मनीष ने आक्रोश में आकर अपने कपड़े उतार दिये और सीधे शिल्पी प्लाजा चौराहे में धरने पर बैठ गये.

आयोजन समिति का कहना था कि बगैर जानकारी दिये बैनर निकाले गये है. कार्यवाही की मांग को लेकर 8 बजे रात तक बैठे रहे. पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर प्रकाश द्विवेदी ने समझाइश दी और पोस्टर निकालने वालो की जानकारी लेकर कार्यवाही का आश्वासन दिया तब मामला शांत हुआ. सम्पत्ति विरूपण अधिनियम का उल्लंघन करने पर बैनर हटाए गये थे.

## संक्षिप्त

### संभागीय टीएल बैठक आज

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 3 फरवरी को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगे. बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, ई आफिस सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की जाएगी. बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

### परीक्षाओं के संबंध में प्रशिक्षण आज

**रीवा,** हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में आवश्यक तैयारी की समीक्षा एवं प्रशिक्षण 3 फरवरी को आयोजित किया गया है. कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में सुबह 11 बजे से आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल आवश्यक दिशा निर्देश देंगी.

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 7 को

**रीवा,** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं व 11वीं के लिए प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी को सुबह 10 बजे से सेन्ट्रल एकेडमी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित की गयी है. प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड, एक नीला या काला बाल प्वाइंट पेन तथा राइटिंग पैड साथ लाना अनिवार्य है. अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र वेबसाइट सीबीएसइआईटेम्स डॉट एनआईसी डॉट इन से डाउनलोड कर सकते हैं.

### विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**रीवा,** विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी को सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रमों में आम जन को कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व की जानकारी दी जाएगी. कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा जिला तथा ब्लॉक स्तर पर कैंसर के संबंध में परामर्श और स्क्रीनिंग का कार्य किया जाएगा. कैंसर कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, यदि इसका समय रहते पता चल जाए तो इसका सफल उपचार संभव है. तंबाकू व शराब का सेवन, अस्वस्थ जीवनशैली, असंतुलित आहार एवं शारीरिक निष्क्रियता कैंसर के प्रमुख जोखिम कारक हैं.



### राष्ट्र-गीत का सामूहिक गायन हुआ

**मऊगंज,** कलेक्ट्रेट मऊगंज में फरवरी माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर सोमवार को राष्ट्र-गीत का सामूहिक गायन हुआ. इस अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार जैन, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर ए.पी. द्विवेदी, एसडीएम राजेश मेहता सहित कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे.



### संकल्प से समाधान अभियान में 32052 आवेदन दर्ज

**रीवा,** आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है. जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है. अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं. इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 32052 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं. इनमें से 18578 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया है. विभिन्न कारणों से 1067 आवेदन पत्र अस्वीकृत किए गए हैं. ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 2365, विकासखण्ड रीवा में 9071, विकासखण्ड सिरमौर में 7634, विकासखण्ड गंगेव में 6656, विकासखण्ड त्योंथर में 2633 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 1567 आवदेन पत्र दर्ज हुए हैं. शहरी क्षेत्रों में नगर निगम रीवा में 1593, नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 31, नगर परिषद चाकघाट में 121, नगर परिषद डभौरा में 91, नगर परिषद त्योंथर में 72, नगर परिषद गुढ़ में 79, नगर परिषद मनगवां 25, नगर परिषद गोविंदगढ़ 10, सेमरिया 48 तथा नगर परिषद सिरमौर में 56 आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं. इन आवेदन पत्रों का निराकरण भी किया जा रहा है.

## ऑफ लाइन टोकन से नहीं ई-टोकन से बंटेगी खाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 फरवरी, किसानों को खाद वितरण में होने वाली परेशानियों को दूर करने, कृषकों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिता और सरलता के उद्देश्य से ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण की व्यवस्था की गई है.**

ई-टोकन व्यवस्था से किसानों को लंबी-लंबी कतारों एवं परेशानियों से मुक्ति मिलेगी. इस संबंध में जिला विपणन अधिकारी शिखा सिंह वर्मा ने बताया कि 6 फरवरी के पश्चात ई-टोकन के माध्यम से ही खाद का वितरण किया जाएगा. किसी भी प्रकार का आफलाइन टोकन जारी नहीं होगा. खाद प्राप्त करने के इच्छुक किसान ई टोकन प्राप्त करने के लिए ई टोकन पोर्टल पर पंजीयन करा लें. जारी होने के तीन दिन तक ई टोकन वैध रहेगा. किसानों को समझाइश दी गयी है कि ईटोकनडॉटएमपीकृषि डॉट ओआरजी को गूगल में डाले. इस पर जाकर कृषक का फोटो दिखेगा वाला किसान दिखेगा उस पर अपने आधार नं. डाले व आधार से रजिस्टर्ड मो. नं. पर ओटीपी प्राप्त होगी उसे उस पर डालकर वेरीफाई करें. ओटीपी डालने के बाद किसान की बनी फार्मर आईडी से लिंक खसरे दर्शित होगे, जो एग्री स्टेक से जोड़े जाते है. दर्शित खसरे को वेरीफाईड करने हेतु पुनः कृषक अपने मो. नंबर का शुरू से छः अंक डाले और ओटीपी प्राप्त कर वेरी फाई करें, और आगे प्रकिया करते हुये खसरे में अंकित रकवा के आधार पर स्वतः गणना कर सिस्टम बता देता है कि किसान को कितने बोरी उर्वरक मिलेगी.



## विधायक ने किया सड़क का लोकार्पण व भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 फरवरी, विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने सोमवार को बौना कोठार पंचायत के बदौली में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया.**

विधायक ने बौना से महेदवा रोड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया. यह मार्ग क्षेत्र के ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाएगा. बदौली-खैरियन रोड का लोकार्पण कर इसे जनता को समर्पित किया गया. लंबे समय से इस मार्ग की मांग की जा रही थी, इस अवसर पर सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि त्योंथर विधानसभा का विकास ही उनकी प्राथमिकता है. उन्होंने कहा सड़कों का जाल बिछाने से न केवल आवागवन में आसान होती है, बल्कि व्यापार और समृद्धि के द्वार भी खुलेंगे. उन्होने कहा आज का दिन बदौली और आसपास के क्षेत्रों के लिए प्रगति का नया अध्याय है. बौना से महादेव रोड का निर्माण गांवों को जोड़ने वाली जीवनरेखा साबित होगी.

वर्षों से उपेक्षित रही बदौली-खैरियन रोड का लोकार्पण इस बात का प्रमाण है कि हमारी सरकार कथनी से ज्यादा करनी में विश्वास रखती है. उन्होंने आगे जोर देते हुए कहा, मेरा लक्ष्य केवल सड़कों का निर्माण करना नहीं, बल्कि त्योंथर के हर परिवार के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है. कार्यक्रम में गंगा द्विवेदी, अंजना सुधीर सिंह, मंडल अध्यक्ष समीर सिंह, सरपंच कृष्णा कुमारी पांडेय मौजूद रही.



एसीएस के प्रस्तावित दौरे को लेकर समीक्षा बैठक लेते नगर निगम आयुक्त

## फरार आरोपियों पर पुलिस ने किया इनाम घोषित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 फरवरी, पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप कुमार सोनी ने दो अलग-अलग आपराधिक प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर पाँच-पाँच हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है.**

फरार आरोपियों को बंदी बनाने अथवा बंदी बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले को ईनाम की राशि दी जाएगी. थाना मऊगंज में दर्ज प्रकरण में आरोपी संतोष उर्फ लाला उर्फ यश सोनी पिता शिवकुमार सोनी आयु 26 साल निवासी बहुती घटना दिनांक से फरार है. इसी तरह मऊगंज थाने में ही दर्ज एक अन्य प्रकरण में आरोपी राकेश कुमार नीरत पिता भगवानदीन नीरत आयु 28 साल निवासी ढेरा भी घटना दिनांक से फरार है. इनकी गिरफ्तारी के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. इनकी गिरफ्तारी के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले को पाँच-पाँच हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मऊगंज का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा.

## एसीएस के प्रस्तावित दौरे को लेकर कमिश्नर ने शुरू की तैयारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 फरवरी, अपर मुख्य सचिव, नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे का रीवा दौरा 08 फरवरी को प्रस्तावित है, जिसमें विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी.**

इसी तारतम्य में निगम आयुक्त डॉ सौरभ सोनवणे ने आवश्यक तैयारियों के संबंध में विभागीय समीक्षा बैठक ली. निगम आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी 2.0 घटक अंतर्गत लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए. जिन हितग्राहियों द्वारा पूर्ण राशि जमा कर दी गई है, उन्हें शीघ्र आवास आवंटन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. पट्टा प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 158 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 56 पात्र पाए गए हैं. आयुक्त ने पात्र हितग्राहियों की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर समयावधि में योजना का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए. रतहरा पीएम साइट की पार्किंग से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए. उन्होंने निराला नगर प्रोजेक्ट हेतु लेआउट प्रक्रिया पूर्ण कर एसएलटीसी को प्रस्ताव भेजने को कहा, साथ ही कृष्णा नगर साइट के शेष कार्यों के लिए एलओए जारी करने के निर्देश दिए. निगम आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में स्कूल एवं कॉलेजों के 100 मीटर परिधि में संचालित पान, गुटखा, तंबाकू एवं सिगरेट की ठेला-गुमटियों को अभियान चलाकर तत्काल हटाया जाए. उन्होंने कहा कि संबंधित जोन प्रतिदिन कार्रवाई सुनिश्चित करें एवं कार्यवाही का प्रतिवेदन नियमित रूप से प्रस्तुत करें. बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, सिद्धार्थ सिंह आदि मौजूद रहे.

## बिछिया नदी पर पुल का गुढ़ विधायक ने किया भूमि पूजन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 फरवरी, जिले के कनौजा से छिरहटा-टीकर-गोविन्दगढ़ मार्ग पर बिछिया नदी में 105 मीटर लंबाई के जलमग्नीय पुल एवं दोनों ओर मिलाकर 163 मीटर पहुँच मार्ग का निर्माण किया जाएगा.**



इस पुल के बन जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों का जिला मुख्यालय रीवा एवं तहसील मुख्यालय हुजूर से सीधा संपर्क स्थापित होगा. इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा 10 मार्च 2025 को 489.60 लाख रुपये की प्रदान की गई थी. निर्माण कार्य हेतु 12 माह की वर्षाकाल रहित समयावधि स्वीकृत की गई है, जिसके अंतर्गत 21 मई 2027 से पूर्व कार्य पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है. पुल निर्माण से ग्राम छिरहटा, कस्तारी, नींगा, गधवा, चुंआ, टीकर, डीही, सुपिया, शुकुलगवां, कनौजा, घुरैटी, उरेहटी एवं गढ़वा दूबी सहित आसपास के क्षेत्रों की लगभग 32 हजार आबादी को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी. उक्त पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह के द्वारा किया गया.

इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री रीवा बाबू लाल यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, भाजपा मंडल गोविंदगढ़ अध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी, महसाव अध्यक्ष विश्वजीत चौरसिया, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल गुप्ता, अरविंद सिंह पप्पू, सरपंच शिवशंकर कोल, जनपद सदस्य सूर्यवती मौजूद रही.

## सेमरिया के गेरमाई जंगल में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 फरवरी, जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गेरमाई पहाड़ी में 45 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव मिलने एस हड़कंप मच गया है.**

जंगल में मवेशी चराने गए चरवाहों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और अज्ञात शव की पहचान के भी प्रयास किए जा रहे हैं. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह सेमरिया थाना प्रभारी विकास कपीस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र से तकरीबन 8 किलोमीटर दूर गेरमाई जंगल में अज्ञात व्यक्ति का शव देखा गया है. मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि जिस व्यक्ति का शव मिला है उसके शरीर पर नीले रंग की शर्ट, काला पेंट, काला जूता और स्वेटर पहने हुए हैं. अज्ञात व्यक्ति की उम्र तकरीबन 45 वर्ष आंकी गई है साथ ही मृतक के जूते और कपड़े नए लग रहे हैं. पुलिस ने फिलहाल शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं.

## चोरी का माल खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 फरवरी, गोविंदगढ़ में हुई चोरी का माल खरीदने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. जिसे न्यायालय में पेश किया गया.**

फरियादी कमलेश गुप्ता 48 वर्ष निवासी गोविन्दगढ वार्ड क्र 12 ने थाना गोविन्दगढ में चोरी की रिपोर्ट लेख कराई. दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. वही प्रकरण में चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी सोनू सोनी पिता स्व. व्दारिका प्रसाद सोनी उम्र 27 वर्ष निवासी महाजन टोला थाना बिछिया को गिरफ्तार किया गया. पूछताँछ उपरान्त आरोपी की निशानदेही पर चोरी के सोने चादी के जेवरात जप्त कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया.

## आसमान में छाये रहे बादल, बूंदाबांदी की संभावना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 फरवरी, एक बार फिर मौसम में परिवर्तन हुआ है, पश्चिमी विक्षोभ के चलते फिर से बादल आसमान में छा गये है.**

प्रदेश के अन्य जिलो में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है तो वही रीवा-मऊगंज में बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है. 24 घंटे के अंदर तापमान में कोई खास परिवर्तन देखने को नही मिला है. दो दिन से तापमान स्थिर है, आसमान में छाये बादलो के चलते ठंड से कुछ हद तक राहत मिली है. अन्य दिनो के अपेक्षा सोमवार को कोहरा भी कम था. मौसम विभाग ने बूंदाबांदी एवं कई जगह तेज बारिश की संभावना जताई है. इस समय बारिश से दलहनी फसल को फायदा के बजाय नुकसान होगा, केवल गेंहू की फसल को फायदा पहुंचेगा. सुबह से बादल छाये रहे और दोपहर हल्की धूप आने के बाद फिर से बादल छा गये. एक दो दिन के अंदर बूंदाबांदी हो सकती है. न्यूनतम तापमान जहा 10.6 डिग्री रहा वही अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री रहा. जबकि हवाएं तीन किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही.

ठंड का असर अन्य दिनो के अपेक्षा कम रहा. प्रदेश के कई जिलो में बूंदाबांदी हुई है और यहा भी बारिश की संभावना जताई गई है. आसमान साफ होने के बाद एक बार फिर ठंड जोर पकड़ेगी. हालाकि मध्य फरवरी से ठंड का असर कम हो जाएगा. रात की ठंड रहेगी जबकि दिन की ठंड से राहत मिल सकती है. फसल के लिहाज से ठंड फायदेमंद है.